**एक नजर में**

### जेयू के स्थायी कर्मियों को मिलेगा 7वें वेतनमान का लाभ



ग्वालियर। मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की ग्वालियर खंडपीठ ने जीवाजी विश्वविद्यालय के स्थायी कर्मी कर्मचारी संघ की ओर से दायर याचिका पर महत्वपूर्ण आदेश पारित करते हुए कहा है कि विश्वविद्यालय में कार्यरत स्थाई कर्मियों को 7वें वेतनमान का लाभ दिया जाए। हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सुनवाई करते हुए इंदौर में दायर याचिका को ध्यान में रखकर आदेश पारित किया। याचिकाकर्ता जीवाजी यूनिवर्सिटी स्थायी कर्मी कर्मचारी यूनियन की ओर से पैरवी करने वाले अधिवक्ता ने दलील दी थी कि सरकार की 7 अक्टूबर 2016 की नीति के तहत स्थाई कर्मियों को नियुक्त किया गया है, लेकिन 7वें वेतनमान का लाभ नहीं दिया जा रहा। सुनवाई में याचिकाकर्ता के वकील प्रशांत चौहान ने इंदौर खंडपीठ के एक पूर्व निर्णय का हवाला दिया, जिसमें इसी मुद्दे पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिया जा चुका है। उत्तरदाताओं ने इस फैसले से असहमति जताई, लेकिन न्यायालय ने स्पष्ट किया कि मामला पहले के निर्णय से पूर्ण रूप से आच्छादित है। कोर्ट ने कहा कि इंदौर के मामले में दिए गए निर्देश इस मामले पर भी लागू होंगे और इसी के अनुसार कर्मचारियों को 7वें वेतनमान का लाभ देना होगा। वहीं आदेश जारी होने पर जीवाजी विश्वविद्यालय स्थायी कर्मी संघ के अध्यक्ष यतेन्द्र शर्मा ने अर्थसाइंस अध्ययनशाला स्थित भोलेनाथ मंदिर पर पूजा अर्चना कर स्थायी कर्मियों को लड्डू बांटे। इसके बाद अन्य पदाधिकारी एवं कर्मचारियों ने अध्यक्ष यतेन्द्र शर्मा के नेतृत्व में कुलगुरु डॉ. राजकुमार आचार्य एवं कुलसचिव प्रो. राकेश कुशवाह को मिष्ठान खिलाकर आदेश का शीघ्र पालन कराने का आग्रह किया। इस अवसर पर संघ के उपाध्यक्ष प्रशांत सिंह, सचिव द्वारका प्रसाद झा, संयुक्त सचिव जयराम रजक आदि कर्मचारी रहे।



### मोजैक ऑफ़ होप नृत्य नाटिका में बच्चों ने मन मोह लिया

ग्वालियर। कार्मेल कान्वेंट स्कूल में 14 नवंबर बाल दिवस के मौके पर मोजैक ऑफ़ होप नृत्य नाटिका का आयोजन किया गया जिसमें स्कूल की 1500 छात्राओं ने हिस्सा लिया। नृत्य नाटिका जिंदगी में आने वाली चुनौतियों से लड़ते हुए जीवन को जीने की तलाश पर आधारित था। कार्मेल कान्वेंट स्कूल की सिस्टर रम्य वक्को ने बताया कि मोजैक ऑफ होप की प्रस्तुति के पीछे का उद्देश्य यह था कि जिंदगी में आशा बहुत महत्वपूर्ण है और हमें कभी आशा नहीं छोड़नी चाहिए। कार्यक्रम की कोऑर्डिनेटर उषा सिंह ने बताया कि आज के कार्यक्रम में बच्चों के पेरेंट्स भी बड़ी संख्या में आए।

### संस्कारों की नींव मजबूत करने हुआ कार्यक्रम



ग्वालियर। सेवा परमो धर्मा समिति द्वारा संचालित निर्धन बच्चों की कक्षाओं में बाल दिवस के उपलक्ष्य में 'संस्कार एवं व्यक्तित्व निर्माण' विषय पर एक प्रेरणादायक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि समाजसेवी ज्योति अग्रवाल ने बच्चों को जीवन में संस्कार, शिक्षा और सकारात्मक सोच के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था की अध्यक्ष कोमल बाथम ने की। उन्होंने बताया कि समिति का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के साथ-साथ संस्कार और आत्मविश्वास भी प्रदान करना है, ताकि वे जीवन में सशक्त बनकर आगे बढ़ सकें। इस अवसर पर सभी बच्चों को फूड पैकेट, स्टेशनरी सामग्री और आवश्यक शैक्षिक सामग्री भी वितरित की गई. समिति की सक्रिय सदस्या निशा पाल, सुनीता बाथम, किरन सिरोलिया, हेमंत मांझी, बालकिशन बाथम, नेहा तिवारी आशु मांझी, मीना बाथम आदि लोग मौजूद थे.

### ग्वालियर व्यापार मेले के लिए आयोजित होने वाली कैट की जनसभा माधव मंगल गार्डन में होगी

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** कॉन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित ग्वालियर व्यापार मेले के संबंध में जनसभा का जिला प्रशासन के आदेश के बाद स्थान परिवर्तित किया गया है। अब यह जनसभा इंदरगंज चौराहे की जगह माधव मंगल गार्डन में होगी। जनसभा के कार्यक्रम संयोजक दिलीप पंजवानी, जिलाध्यक्ष रवि गुप्ता ने बताया कि आज कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला शांति समिति की बैठक में कैट के प्रतिनिधि के रूप में हम लोग शामिल हुए और जिला प्रशासन ने शहर की व्यवस्था को बनाये रखने के लिए धरना प्रदर्शन पर प्रतिबंध लगाया है। कैट के राष्ट्रीय संगठन मंत्री भूपेन्द्र जैन जो कि जिला शांति समिति के सदस्य भी हैं, ने जिम्मेदार नागरिक के नाते यह निर्णय लिया कि शासन की प्रतिबंध कार्यवाही में सहयोग करते हुए हम जनसभा का स्थान इंदरगंज चौराहे की जगह माधव मंगल गार्डन, तारघर जयेन्द्रगंज में आयोजित करेंगे। जनसभा 18 नवम्बर को सायंकाल 4 बजे आयोजित होगी।



### सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया का कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम आयोजित

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया, क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर द्वारा मुरैना के होटल इंद्रलोक पैलेस में आज एक भव्य कृषि ऋण आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के कृषकों एवं महिला स्व सहायता समूहों को वित्तीय सेवाओं से जोड़ना और उन्हें आवश्यक प्रदण एवं योजनाओं की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम में क्षेत्रीय कार्यालय ग्वालियर की क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती प्रियंका बंसल, शाखा मुरैना के शाखा प्रमुख रौशन कुमार एवं बैंक के विभिन्न अधिकारीगण भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम में सम्मिलित हुए। अपने संबोधन में क्षेत्रीय प्रमुख श्रीमती प्रियंका वंसल ने कहा कि सेन्ट्रल बैंक ऑफ इंडिया की ग्रामीण एवं कृषि विकास के प्रति प्रतिबद्धता को रेखांकित करते हुए कहा कि बैंक किसानों एवं सूक्ष्म उद्यमियों के लिए निरंतर प्रभावी वित्तीय सहायता उपलब्ध कराता है एवं उनके विकास में निरंतर तत्पर रहेगा।


घनश्याम श्रीवास्तव



(बिरला जी)
को
प्रेस क्लब शिवपुरी
का जिला उपाध्यक्ष
बनाए जाने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं


# बिहार के नतीजों से सरगर्म रही शहर की सियासत

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** बिहार में एनडीए की शानदार जीत पर ग्वालियर में मुखर्जी भवन पर भाजपा पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता एकत्रित हुए।

बिहार में मिली जीत मौजूद कार्यकर्ताओं के चेहरे पर स्पष्ट दिखाई दे रही थी। वहीं जीत पर ढोल ताशे की थाप पर कार्यकर्ता जोश उत्साह उमंग में नाच रहे थे और प्रधानमंत्री मोदी और वरिष्ठ नेतृत्व जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए जा रहे थे।

बिहार में एनडीए की प्रचंड व अभूतपूर्व जीत के मौके पर मध्य प्रदेश शासन के मंत्री नारायण सिंह कुशवाह, पूर्व जिला अध्यक्ष अभय चौधरी, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जवाहर प्रजापति, प्रदेश कार्यसमितिद्वय सदस्य अशोक शर्मा, विवेक जोशी, जिला महामंत्री विनय जैन, राजू पलैया, विनोद शर्मा, रामेश्वर भदौरिया, हरीश मेवाफरोश, राजू सेंगर, प्रतीक तिवारी, संतोष गोडयाले, अमित जैन, कौशलेंद्र राजावत, प्रमोद खंडेलवाल, अनिल सांखला, भारत शाक्य, गौरव वाजपेई, रेशु राजावत, डालचंद वर्मा, अनुराधा शर्मा विवेक भार्गव, अजय द्विवेदी, विपिन बिहारी वाजपेई महेश खत्री सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद थे।

### पार्षद दल ने भी मनाया विजय उत्सव

बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन एवं भारतीय जनता पार्टी की प्रचंड जीत पर आज शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी के पार्षद दल द्वारा जल विहार में विजय उत्सव मनाया गया तथा एक दूसरे को मिष्ठान खिलाकर जीत की बधाई दी। सभापति श्री मनोज तोमर के नेतृत्व में आयोजित किए गए विजय उत्सव के दौरान भाजपा पार्षद दल द्वारा परिषद कार्यालय में जश्न मनाया गया। मिष्ठान वितरण कार्यक्रम के दौरान उप नेता प्रतिपक्ष रवि तोमर, पार्षद अनिल सांखला, पार्षद विवेक सोनू त्रिपाठी, जनप्रतिनिधि शिव सिंह यादव, पार्षद मनोज यादव, पार्षद भगवान सिंह कुशवाहा, पार्षद नागेन्द्र राणा, जनप्रतिनिधि जितेंद्र सिंह कुशवाह, पूर्व पार्षद गुड्डू रत्नाकर, भाजपा वरिष्ठ नेता एवं पूर्व नेता प्रतिपक्ष कृष्णराव दीक्षित सहित बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



### कांग्रेस कार्यालय पर सन्नाटा पसरा रहा

बिहार विधानसभा चुनावों के परिणामों को लेकर गुरुवार तक स्पष्ट रुझान नहीं थे, ऊंट किस करवट बैठेगा, इसको लेकर लोगों में जिज्ञासा थी, सुबह जैसे ही टीवी पर सीटों के रूझान आना प्रारंभ हुए, वैसे ही लोग अपने-अपने घरों की टीवी के सामने बैठ गए। वहीं दूसरी ओर जो लोग अपने घरों से निकल गए थे, वह भी अपने मोबाइल पर मिल रही अपडेट से एक दूसरे के साथ बिहार चुनावों के परिणामों को लेकर चर्चा करते नजर आ रहे थे। कांग्रेस समर्थक जहां उम्मीद लगाए हुए थे कि आने वाले समय में रुझान बदलेंगे, वहीं भाजपा समर्थक परिणाम को लेकर खुश दिखाई दे रहे थे। जबकि सामान्य जन बिहार सरकार के कार्यों पर जनता द्वारा दिए किए मतदान का असर बता रहे थे।

### सुबह से टीवी में चिपके रहे लोग



लोग यह बात भी कर रहे थे कि अमूमन माना जाता है कि जब भी मतदान अधिक होता है, तो वह सरकार के खिलाफ जाता है, लेकिन इस बार एनडीए सरकार ने महिलाओं के हितों को लेकर जो निर्णय लिया उसके चलते महिलाओं के मतदान का प्रतिशत अधिक रहा, इससे सीधा असर एनडीए के वोट बैंक पर पड़ा और उसमें सीधे-सीधे बूम देखने को मिला।



## भाजपा ने विजय उत्सव मनाया

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन ने शानदार विजय हासिल की है. भारतीय जनता पार्टी ग्वालियर महानगर द्वारा विजय का यह उत्सव पार्टी कार्यालय मुखर्जी भवन पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने मिठाई बाटकर आतिशबाजी कर मनाया गया इस अवसर पर भाजपा के जिला मंत्री सत्येन्द्र शर्मा की सहभागिता रही।

## बिहार में एनडीए को प्रचंड जनसमर्थन लोकतांत्रिक शक्तियों की जीत-कैलाश सोनी

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** आपातकाल योद्धाओं के संगठन लोकतंत्र सेनानी संघ ने बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए गठबंधन को प्रचंड जनसमर्थन मिलने पर लोकतांत्रिक शक्तियों की जीत निरूपित करते हुए कांग्रेस महागठबंधन की शर्मनाक पराजय पर खुशी व्यक्त की है. संगठन के राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम ने बताया कि संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद कैलाश सोनी व राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा ने बिहार जाकर लोकनायक जयप्रकाश नारायण के आवास से एनडीए के पक्ष में लोकतंत्र सेनानियों को एकमंच पर लाकर एनडीए के पक्ष में सक्रिय करने का महत्त्वपूर्ण काम किया था. संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष, पूर्व सांसद कैलाश सोनी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष संतोष शर्मा, राष्ट्रीय सचिव मदन बाथम, मध्यप्रदेश के प्रदेशाध्यक्ष तपन भौमिक, महामंत्री सुरेन्द्र द्विवेदी, सीनियर वाईस प्रेसिडेंट मोहन विटवेकर, कार्यालय सचिव सुरेश विनोदे, प्रदेश सचिव अजय औरंगाबादकर व दुर्गाप्रसाद सिंह, राधेश्याम पाठक, वीरेन्द्र सिंह, अरूण पाठक (सभी बिहार) आदि ने बिहार की जागरूक जनता का आभार व्यक्त किया है.

## शिविर लगाकर रेल्वे ने भरवाए डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट

**नवभारत न्यूज**



**ग्वालियर 14 नवम्बर.** रेलवे के रिटायर कर्मचारियों को अब लाइव सर्टिफिकेट के लिए बैंकों के चक्कर नहीं लगाने होंगे। रिटायर कर्मचारी घर बैठे मोबाइल पर ही बैंकों में लाइव सर्टिफिकेट जमा कर सकता है। केंद्र सरकार के निर्देश पर रेलवे द्वारा रिटायर हुए कर्मचारियों को

**नॉर्थ-सेंट्रल रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन कार्यालय में लगा शिविर**

लाइव सर्टिफिकेट मोबाइल से जमा करने की प्रक्रिया समझाई जा रही है। इसको लेकर आज शुक्रवार को विशेष शिविर लगाया जा गया। शिविर में रेलवे के अधिकारी रिटायर्ड कर्मचारियों का मोबाइल पर लाइव सर्टिफिकेट डिजिटल कर रहे हैं और उन्हें उसे भरने का तरीका भी समझा रहे हैं। साथ ही डिजिटल सर्टिफिकेट भरने का तरीका समझाया जा रहा है। सीनियर वेलफेयर इंस्पेक्टर वीएस कंषाना, मनोज शर्मा, नीरज सोनी कर्मचारियों को ट्रेनिंग दे रहे हैं। नॉर्थ सेंट्रल रेलवे पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने नई व्यवस्था के बारे में जानकारी देने और रिटायर्ड कर्मचारियों को प्रशिक्षित करने के लिए शुक्रवार को एक विशेष शिविर लगाया। शिविर में रेलवे के अधिकारी कर्मचारियों के मोबाइल पर डिजिटल लाइव सर्टिफिकेट भरने की प्रक्रिया समझाई कर्मचारियों को चरणबद्ध तरीके से बताया जा रहा है कि कैसे मोबाइल एप के माध्यम से बिना बैंक जाए अपना सर्टिफिकेट ऑनलाइन जमा किया जा सकता है। इस अवसर पर एसोसिएशन के राजेश शुक्ला, प्रेम सिंह, गजेन्द्र सिंह, चमन रजा, श्रीराम अहिरवार उपस्थित थे।

### ऐसे जमा करें लाइव सर्टिफिकेट

कर्मचारियों को यह बताया जा रहा है कि वे अपने स्मार्टफोन में ऐप डाउनलोड करें। उसमें आधार व अन्य आवश्यक जानकारी डालें और फेस ऑथेंटिकेशन के माध्यम से लाइव सर्टिफिकेट पूरा करें। डिजिटल सर्टिफिकेट भरने के दौरान अधिकारी कर्मचारियों को एक-एक स्टेप समझा रहे हैं। उन्हें ऐप में लॉगिन करना, कैमरा परमिशन देना, आधार लिंक करना और फेस वेरीफिकेशन करना सिखाया जा रहा है। इससे रिटायर्ड कर्मचारी आगे स्वयं भी यह प्रक्रिया आसानी से कर सकेंगे।

## कवलजीत की खोई हुई रोशनी वापस लौटी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** ग्वालियर की 20 वर्षीय कवलजीत संधू की ज़िंदगी पिछले वर्ष अचानक उस समय अंधेरे में डूब गई, जब एक सुबह नींद से उठते ही उन्हें सामने सब कुछ धुंधला दिखाई देने लगा। सुबह का समय, अचानक छाई धुंध, तेज घबराहट — और फिर परिवार का उन्हें तत्काल रतन ज्योति नेत्रालय लेकर आना।

यह मामला शुरू में साधारण धुंधलापन जैसा लगा, लेकिन वास्तविकता कहीं अधिक गंभीर थी। जाँच में सामने आया चौंकाने वाला तथ्य डॉ. प्रियम्वदा भसीन, सीनियर रेटिना सर्जन एवं मेडिकल डायरेक्टर, रतन ज्योति नेत्रालय द्वारा की गई विस्तृत जाँच में पाया गया. कवलजीत को टाइप 2 डायबिटीज़ है. ब्लड शुगर लगभग 300 एमजी/डीएल रेटिना में एडवांस स्टेज डायबिटिक रेटिनोपैथी रेटिना में रक्तस्राव, सूजन और दृष्टि को स्थायी नुकसान का खतरा उनकी उम्र के हिसाब से यह स्थिति अत्यंत दुर्लभ और खतरनाक थी. कवलजीत और उनके



परिवार के लिए यह एक बड़ा झटका था। वह अपनी पढ़ाई और भविष्य की योजनाओं को लेकर चिंतित थी, लेकिन सबसे अधिक चिंता उन्हें अपने आने वाले वैवाहिक जीवन की थी, जिसकी तैयारी उस समय शुरू ही हुई थी। स्थिति को देखते हुए डॉ. भसीन ने तुरंत एक उन्नत और व्यापक उपचार योजना शुरू की।

डॉ. प्रियम्वदा भसीन ने बताया कि 'कवलजीत की स्थिति चुनौतीपूर्ण थी, लेकिन समय पर उपचार मिलने से उनकी दृष्टि को सुरक्षित रखा जा सका। आज अपनी शादी के दिन उन्हें स्पष्ट रूप से सब कुछ देखता हुआ देखकर हमें अत्यंत खुशी है। रतन ज्योति नेत्रालय की जन-जागरूकता अपील मधुमेह के मरीज हर 6 महीने में नेत्र जांच अवश्य करवाएँ, अचानक धुंधलापन या दृष्टि कम होना गंभीर संकेत है, डायबिटिक रेटिनोपैथी का शुरुआती उपचार दृष्टि बचाने में अहम भूमिका निभाता है.



## मधुमेह दिवस पर जय इंस्टीटयूट में सेमिनार आयोजित

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** व्हीआईएसएम ग्रुप ऑफ स्ट्डीज़ के अंतर्गत संचालित जय इंस्टीटयूट ऑफ नर्सिंग एण्ड रिसर्च में विश्व मधुमेह दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य जागरूकता सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मां सरस्वती के पूजन से हुई। सेमिनार में मुख्य अतिथि वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राहुल शर्मा, डेमोस्टेव्टर, एनाटमी विभाग, गजरा राजा मेडीकल कॉलेज उपस्थित रहें। उन्होंने उपस्थित छात्र-छात्राओं को मधुमेह के कारण, लक्षण, रोकथाम और प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने यह भी बताया कि मधुमेह आज वैश्विक स्वास्थ्य समस्या बन चुका है, लेकिन नियमित व्यायाम, संतुलित आहार, पर्याप्त नीद, समय पर जांच और जीवनशैली में सुधार से इसे नियंत्रित किया जा सकता है। उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से जागरूक रहने और परिवार व समाज में स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ावा देने की अपील की। सेमिनार के दौरान विद्यार्थियों ने मधुमेह पर प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. शर्मा ने सरल और वैज्ञानिक तरीके से उत्तर दिया। सेमिनार में मधुमेह से जुड़ी भ्रांतियों पर भी चर्चा की गई और लोगों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। अंत में संस्थान के चेयरमैन डॉ. सुनील राठौर ने डॉ. राहुल शर्मा का आभार व्यक्त किया और कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम छात्रों के व्यावहारिक ज्ञान और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए अत्यंत उपयोगी साबित होते हैं। समय -समय पर ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों को ज्ञान अर्जित होता है। उन्होंने बताया कि मनुष्य मात्र अपनी जीवन शैली में बदलाव से ही मधुमेह रोग को संतुलित रख सकता है। आज्ञ जिस तरह युवा वर्ग फास्ट फूड की ओर बढ़ रहें है यह उनकी सेहत के लिये बिल्कुल भी अच्छा नहीं है। इस मौके पर संस्थान की चेयरपर्सन श्रीमती सरोज राठौर, ग्रुप निदेशक डॉ. प्रज्ञा सिंह, सहित समस्त नर्सिंग स्टॉफ व छात्र-छात्राऐं मौजूद रहें।

### यूथ हॉस्टल एसोसिएशन ने कराई बाल दिवस के अवसर पर नरेश्वर ट्रैकिंग

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** शहर से लगभग 20 किलोमीटर दूर मालनपुर के नज़दीक व मुरैना ज़िला क्षेत्र में ग्वालियर ग्लोरी हाई स्कूल के 180 बच्चों और 20 शिक्षकों को यूथ हॉस्टल एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने चार किलोमीटर चार किलोमीटर की ट्रैकिंग कराई। संस्था सचिव राम नारायण मिश्रा ने बताया कि ग्वालियर से सभी छात्र-छात्राएं अपने शिक्षकों के साथ 6 स्कूल बस में बैठकर प्रातः काल 8: 45 बजे नरेश्वर के लिए रवाना हुए और लगभग 9:30 बजे अपने गंतव्य पर पहुंच गए । 2 किलोमीटर का एक तरफ से ट्रैक करते हुए सभी बच्चे हंसते मुस्कुराते और गाते हुए चारों तरफ के प्राकृतिक दृश्य का आनंद लेते हुए तालाब पर पहुंचे वहां से धीरे-धीरे सीढ़ियों पर होते हुए नरेश्वर मंदिर की पहाड़ी पर पहुंच गए । प्राचीन मंदिर को पहाड़ी पर से देखना मंत्रमुग्ध कर देने वाला था । सभी बच्चों को मंदिरों की ऐतिहासिक जानकारी प्रदान की गई।

## कैग की रिपोर्ट राज्यपाल के प्रमुख सचिव को सौंपी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 14 नवम्बर.** देश के नियंत्रक महालेखा परीक्षक द्वारा राज्य शासन के शासकीय विभागों

**विधानसभा में होना है प्रस्तुत**

पर तैयार रिपोर्ट आज मध्यप्रदेश के राज्यपाल के प्रमुख सचिव एवं अपर मुख्य सचिव वित्त को प्रस्तुत की गई है। प्रधान महालेखाकार लेखा परीक्षा प्रथम के उप महालेखाकार प्रशासन महेश प्रसाद श्रीवास्तव ने आज यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि यह रिपोर्ट विधानसभा में प्रस्तुत होना है। इसके लिये राज्यपाल के पी.एस को सौंपी गई है। कैग की इस रिपोर्ट में प्रदेश सरकार के नगर तथा ग्राम निवेश के प्रबंधन पर प्रतिवेदन और लेखा परीक्षा सिविल तथा नगरीय विकास एवं आवास विभाग पर कई महत्वपूर्ण जानकारी समाहित है।


जैन मार्बल
एंड
कोटा स्टोन

हमारे यहां साउथ ग्रेनाइट, राजस्थान ग्रेनाइट, मार्बल, टाईल्स एवं कोटा स्टोन डायरेक्ट फैक्ट्री रेट पर उपलब्ध है



डॉ. विनोद जैन
9425360508

पता - ऋतुराज होटल के पास पुरानी छावनी रोड, ग्वालियर
गोले का मंदिर भिंड रोड, लीला हॉस्पिटल के पास, ग्वालियर
पारस जैन - 74892 60095


## अमिटी में इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजीज का आयोजन

**नवभारत न्यूज**



**ग्वालियर 14 नवम्बर.** अमिटी स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी अमिटी यूनिवर्सिटी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा 'इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस ऑन एडवांसेज़ इन इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग एंड कम्युनिकेशन टेक्नोलॉजीज का आयोजन किया गया।

सम्मेलन के संयोजक एवं इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभागाध्यक्ष प्रो. (डॉ.) राघवेंद्र शर्मा ने सम्मेलन की रूपरेखा प्रस्तुत की। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता अमिटी यूनिवर्सिटी मध्य प्रदेश के माननीय प्रो-चांसलर लेफ्टिनेंट जनरल वी. के. शर्मा (सेवानिवृत्त) ने की। उन्होंने समाज के कल्याण हेतु जिम्मेदार नवाचार और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के नैतिक उपयोग के महत्व पर बल दिया।

कुलपति प्रो. (डॉ.) आर. एस. तोमर, प्रो-वाइस चांसलर (रिसर्च) प्रो. (डॉ.) एम. पी. कौशिक और निदेशक (कार्यवाहक) प्रो. (डॉ.) विकास ठाडा ने सभा को संबोधित करते हुए अमिटी की बहुविषयी शोध, नवाचार तथा शिक्षा-उद्योग सहयोग को बढ़ावा देने की दृष्टि को साझा किया।

मुख्य वक्ताओं में प्रमुख अतिथि प्रो. (डॉ.) बी. एस. राजपूत, पूर्व कुलपति, कुमाऊं विश्वविद्यालय, नैनीताल शामिल रहे, जिन्होंने क्वांटम कम्प्यूटिंग के उभरते क्षेत्रों तथा भविष्य की तकनीकों के निर्माण में कृत्रिम बुद्धिमत्ता की रूपांतरणकारी भूमिका पर सारगर्भित विचार रखे। अन्य अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ वक्ताओं में डॉ. भगवांन दास (टॉरेंस यूनिवर्सिटी, ऑस्ट्रेलिया) तथा डॉ. मानस गौर (यूनिवर्सिटी ऑफ मैरीलैंड, बाल्टीमोर काउंटी, शामिल रहे, जिन्होंने इंटेलिजेंट कम्प्यूटिंग, साइबर-फिजिकल सिस्टम्स और नवाचार व स्थायित्व में AI की भूमिका पर गहन विचार साझा किए।

सम्मेलन की विस्तृत रिपोर्ट आयोजन सचिव डॉ. रिंकू भाटिया द्वारा प्रस्तुत की गई, कार्यक्रम का समापन डॉ. देवेंद्र रावत द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ, आयोजन समिति में डॉ. रिंकू भाटिया, डॉ. नरेंद्र कुमार गर्ग, डॉ. शैली गोयल और डॉ. अजय कुमार दादोरिया सहित सक्रिय संकाय एवं छात्र समन्वयक शामिल रहे।


डॉ. कुमार क्लीनिक
DR. DINESH KUMAR
M.B.B.S., PGDS, FSPT
SEXYOLOGIST
गुप्त रोग विशेषज्ञ
नवीन पद्धति द्वारा 100% सफल इलाज
2000 से अधिक रोगियों का विश्वास
पता-सिल्वर एस्टेट के पास, सिटी सेन्टर, अभियंक एस्टेट ग्वालियर
संपर्क करें-9090848460